NEWS सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-210
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, मंगलवार, 05 नवम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार


**आज का विचार**

आप केवल खड़े होकर पानी को घूर कर समुद्र पार नहीं कर सकते। - रविंद्रनाथ टैगोर



### डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

## बिहार मेडिकल सम्मिट 2024 सह आचार्य चरक चिकित्सा सम्मान सीजन का हुआ आयोजन

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

इवेंटजिक मीडिया और सत्यदेव सुपरस्पेशलिस्ट होस्पिटल के द्वारा आज बिहार मेडिकल सम्मिट 2024 सह आचार्य चरक चिकित्सा सम्मान सीजन 04 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजधानी में होटल मौर्य आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के तौर पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल को आमंत्रित किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।



वहीं, इस कार्यक्रम में अतिविशिष्ठ अतिथि में आईपीएस विकास वैभव डॉक्टर बी मृणाल झा, नितिन कुमार रंजीत के सिंह,रवि रौशन,डॉ राजन ठाकुर, डॉ कुमार राजेश रंजन,सौरव कुमार मौजूद रहे। वही कार्यक्रम के आयोजक चंदन राज प्रबंध निदेशक इवेंटजिक ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि एक बड़ा मंच स्थापित करना जहां बिहार के अनुभवी लोग जिन्होंने राज्य में चिकित्सा के क्षेत्र में अच्छा काम किया है उन्हें एक कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित करना ताकि उन्हें और भी मेडिकल के क्षेत्र में सामाजिक कार्य करते रहने की प्रोत्साहन और प्रेरणा मिले।

उन्होंने कहा कि आज बिहार मेडिकल हब बनता जा रहा है। पड़ोसी राज्य समेत पड़ोसी देश के लोग यहां इलाज कराने आते हैं और साथ ही यहां के सम्मानित अच्छे डॉक्टर द्वारा काफी लोगों की मदद की जा रही है। ऐसे में आज हम उन लोगों को भी सम्मानित कर रहे हैं। इसके अलावा जो अपने प्रोफेशनल काम के अलावा और और असहाय मरीजों का निशुल्क इलाज करते हैं।

वह दूसरी और कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता दिलीप जायसवाल मंत्री बिहार सरकार ने मंच को संबोधित करते हुए कहा डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है और हमें यह बताते हुए गर्व है कि बिहार के प्रतिभावान डॉक्टर आज देश में हर जगह है और बिहार राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं साथ ही बिहार में बसे प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा लगातार अपने काम के अलावा निशुल्क इलाज और समय-समय पर लोगों को जागरुक भी करते आ रहे हैं जिससे लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं और बिहार सरकार चिकित्सा क्षेत्र में नित्य नए आयाम बना रही है।

उन्होंने बताया कि बिहार में दूसरा एम्स बन रहा है। लोगों को गांव-गांव तक एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की गई है साथी अत्याधुनिक चिकित्सा को लेकर हमारी सरकार नए-नए अस्पताल बना रही है।

वहीं दूसरी ओर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा आज चिकित्सा के क्षेत्र में बिहार पूरे देश का नजीर बन चुका है। देश का सबसे बड़ा हॉस्पिटल बिहार में पीएमसीएच में बनने जा रहा है, जो पूरे बिहार वासीय देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। आज बिहार के दरभंगा में दूसरा ऐम्स बनने जा रहा है।

वहीं विकास वैभव ने कहा कि बिहार का चिक्सित्सा के फिल्ड में पुराना इतिहास रहा है। जरूरत आज की पीढ़ी को इसको जाने और समझने को, आज के बिहार के डॉक्टर हैं वह समाज के हर लोगों के हित में सोचते हैं और हमेशा सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं जब भी उन्हें मौका मिलता निशुल्क काम करते हैं इलाज और ऑपरेशन करते हैं सरकार के द्वारा चलाई जाने वाले कई योजना का भी मरीज को लाभ लाभ आज मिला है गांव-गांव में एंबुलेंस और चिकित्सा सुविधा पर लगातार काम सरकारी कर रही है और हमें इससे और भी बेहतर करना है।

जबकि डॉ बी मृणाल झा ने कहा बिहार के डॉक्टर बहुत ही ओजस्वी होते हैं वह अपना बेहतर काम करना जानते हैं जिस वजह से वह अपने राज्य देश और विदेश में भी सफलता का झंडा लहरा रहे। सरकार द्वारा अच्छी सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे मेडिकल सेक्टर मैं व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर नितिन कुमार ने कहा डॉक्टर को धरती का भगवान बोला जाता है और मैं उनको इस कार्यक्रम के माध्यम से शुभकामना देता हूं सदैव अच्छा काम करने को जरूरत है।

इधर इस कार्यक्रम आचार्य चरक चिकित्सा सम्मान दिया जिसमें बेस्ट यूरोलॉजिस्ट इन इंडिया का अवार्ड डॉक्टर कुमार राजेश रंजन को गया जो की एक सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट लेप्रोस्कोपिक और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन है, वहीं दूसरी और बेस्ट कॉस्मेटिक एंड प्लास्टिक सर्जन इन बिहार का अवार्ड डॉक्टर अनुराग शरण, बेस्ट गाइनेकोलॉजिस्ट इन सारण का अवार्ड डॉक्टर मिताली कुमारी को दिया गया, बेस्ट कार्डियक हॉस्पिटल इन बिहार का अवार्ड , हार्ट हॉस्पिटल को दिया गया, जिसके प्रबंध निदेशक डॉक्टर राजन ठाकुर हैं, डॉक्टर नादिरा सुल्तान को बेस्ट डेंटल सर्जन इन बिहार , डॉ प्रशांत को बेस्ट ई न टी ऑफ़ बिहार, संजय यादव को बेस्ट ओपीडी और डायग्नोसिस सेंटर इन बिहार, वहीं नीरज कुमार झा की कंपनी हनुमान केयर को बेस्ट एम्बुलेंस सर्विस इन बिहार, डॉ धीरज को बेस्ट गैस्ट्रोलॉजिस्ट इन बिहार, डॉ सोनल को बेस्ट गाइनेकोलॉजिस्ट इन बिहार, डॉ विकास को बेस्ट जनरल सर्जन इन पटना डॉ रिजवान को बेस्ट पेडेशन इन पटना डॉ अभिजीत कश्यप को बेस्ट न्यूरोसर्जन इन बिहार, बेस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर इन बिहार का अवार्ड डॉ वीरेश कुमार को मिला।

डॉ अम्मना फिर्दोषी को बेस्ट इमर्जिंग हॉस्पिटल इन बिहार का अवार्ड हिंद हॉस्पिटल को मिला, डॉ राजेश को बेस्ट फिजियोथैरेपी का अवार्ड मिला, बेस्ट डेंटल सर्जन इन भागलपुर का अवार्ड डॉ संतोष कुमार सिंह, बेस्ट कैंसर स्पेशलिस्ट इन बिहार डॉक्टर अभिषेक आनंद, डीआर मिताली कुमारी को बेस्ट गाइनेकोलॉजिस्ट इन सिवान जिला, डॉ मृत्युंजय कुमार के संस्था को बेस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर इन सिवान, और डॉक्टर पूजा को बेस्ट डेंटिस्ट इन पटना और मुकेश हसरिया को बेस्ट सोशल वर्कर इन मेडिकल सेक्टर इन बिहार सम्मान मिला, कोई डॉक्टर अमृता सिंह को बेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर सेक्टर इन मेडिकल सेक्टर का सम्मान प्राप्त, डॉक्टर रिचा झा को बेस्ट गाइनेकोलॉजिस्ट इन पटना से सम्मानित किया गया।

हमारे स्पीकर के रूप में डॉक्टर जयप्रकाश पांडे डॉ निखिल चौधरी को सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट के रूप में चंपारण मीट हाउस के राजू जी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट के रूप में सत्यमेव ग्रुप, मौर्य बिहार, किरण ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड, जगमोहन लाल शिवरतन लाल ज्वेलर्स, हार्ट हॉस्पिटल,डीनएस होम्स, पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन मौजूद रहे।

## बिहार में अपराधियों की दिवाली और कानून व्यवस्था का दिवाला

### बोले तेजस्वी - किसी ने इसे दैत्य राज कहा तो

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार के अंदर पिछले कुछ दिनों में अपराध की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। राज्य के अंदर आए दिन कहीं न कहीं से हत्या, लूट, छिनतई और गोलीबारी की खबरें निकल कर सामने आती रहती है। ऐसे में अब इस बढ़ते अपराध के आकड़ों को लेकर सूबे के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा हमला बोला है। तेजस्वी ने 100 से अधिक आपराधिक मामलों का जिक्र करते हुए एक ट्वीट किया है।



तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि बिहार में अपराधियों की दिवाली और क़ानून व्यवस्था का दिवाला है। ख़बरदार खबरनवीसों! अगर किसी ने इसे जालिम राज, जंगलराज और दैत्य राज कहा तो? यह विशेषाधिकार तो इस राज के संरक्षकों और प्रधानमंत्री जी को ही है। विगत दिनों में रूह को कंपकंपाने वाली केवल और केवल मुख्य हत्याओं-मुख्य हत्याओं का संक्षिप्त लेखा-जोखा।

1.अररिया में बदमाशों ने की कारोबारी की हत्या
2.पटना में सब्जी विक्रेता की पीट पीट पर हत्या
3.मुजफ्फरपुर के कटरा में छात्र की चाकू गोद कर हत्या
4.मुजफ्फरपुर के मीनापुर में महिला की हत्या
5.मधेपुरा में घर के बाहर बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या
6.पटना के मसौढ़ी में विवाहिता की हत्या
7.पटना में रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या
8.शिवहर में आंखें फोड़ कर मजदूर की हत्या
9.पटना के फुलवारी में बस कंडक्टर की गोली मार कर हत्या
10.पटना के दानापुर में दुकानदार की हत्या
11.पूर्वी चंपारण में आंगनबाड़ी सहायिका की गोली मार हत्या
12.पटना के नौबतपुर में युवक की हत्या
13.पूर्णिया के कस्बा में युवक की हत्या
14.सिवान में शिक्षक की गोली मारकर हत्या
15.कटिहार में लापता युवक की हत्या
16.जमुई में लापता युवक की धारदार हथियार से हत्या
17.बेगूसराय में आर्केस्ट्रा डांसर की बेरहमी से हत्या
18.सासाराम में गोली मारकर नर्तकी की हत्या
19.पटना के बाढ़ में ?? वर्षीय किशोर की गोली मार कर हत्या
20.पटना के पुनपुन में कारोबारी की गोली मारकर हत्या
21.पश्चिमी चंपारण युवती की बलात्कार बाद हत्या
22.पटना के बख्तियारपुर में युवक की हत्या
23.पटना में एक युवक की घर के पास गोली मारकर हत्या
24.मधुबनी में लापता युवक की हत्या
25.समस्तीपुर में मुर्गी फार्म संचालक की गोली मारकर हत्या
26.बेगूसराय में घर में घुसकर युवक की गोली मार हत्या
27.सहरसा में अधेड़ की हत्या
28.सीतामढ़ी में नाबालिग लड़के की गोली मारकर हत्या
29.पटना के बाढ़ के में अपहृत युवक की हत्या
30.मुंगेर में घर से बुलाकर युवक की पीट-पीटकर हत्या
31.समस्तीपुर में अधेड़ उम्र के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या
32.भागलपुर के सुल्तानगंज में दुकानदार की हत्या
33.भभुआ में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या
34.बेगूसराय में चार दिन से लापता शख्स का शव मिला
35.कटिहार में दुकानदार को चाकू से गोद डाला
36.कैमूर में युवक की चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या
37.पश्चिमी चंपारण में चौकीदार की हत्या
38.पटना में मॉब लिंचिंग, दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या
39.भागलपुर में लापता नाबालिग की गोली मारकर हत्या
40.मुंगेर में किशोर की गोली मारकर हत्या
41.खगड़िया में युवक की गोली मारकर हत्या
42.गया में पति-पत्नी की हत्या
43.पटना में अकेले रह रहे बुजुर्गों की लगातार हो रही है हत्याएँ
44.पटना में गंगा नदी और आसपास के नालों में लगातार मिल रहे शव.

इधर लूट, अपहरण, बलात्कार, चोरी-डैकती और जान से मारने की कोशिश की घटनाएं इन हत्याओं से अलग है। लिहाजा विपक्ष का मानना है कि बिहार में आपराधिक घटनाएं बेताहाशा बढ़ी है। प्रतिदिन राज्य के किसी न किसी हिस्से में अपराध की कोई न कोई वारदात हो रही है। बढ़ते अपराध को लेकर राज्य के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लंबे समय से सरकार को घेरते रहे हैं। वह सरकार की घेराबंदी का कोई मौका नहीं छोड़ रहे।

## कटिहार में बीच नदी में नाव पलटी

### 7 लोग लापता, कुल 11 लोग थे सवार

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

कटिहार, बिहार के कटिहार से एक दर्दनाक खबर निकल कर सामने आ रही है। यहां नाव पलटने से बड़ा हादसा हुआ है। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है। फिलहाल, घटना की सुचना नजदीकी थाने के पुलिस को दे दी गई है। इसके बाद पुलिस और स्थानीय गोताखोर की टीम मामले की तहकीकात में लग गई है।

जानकारी के मुताबिक मनिहारी दिलारपुर के केवला घाट के पास एक नाव डूबा है। इस नाव में कई लोग सवार थे। इस नाव पर किसान लोग सवार थे जो परवल की खेती करते थे और आज भी वह परवल लाने जा रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ है। इस घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया है। घटना के बाद आसपास में काफी भीड़ भी उमड़ गई है।

बताया जा रहा है कि, इस घटना में मनिहारी प्रखंड अंतर्गत केवाला घाट के पास हटकोला के निकट दियारा में खेती करने जा रहे किसान सवार नाव के डूबने से कई लोगों की मौत की खबरें सामने आ रही है। हालांकि,इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इस नाव में कुल 11 लोग सवार थे जिसमें महिला, पुरुष और बच्चे भी थे। जिसमें अभी तक सात लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनलोगों का ही कहना है इस घटना में मौत भी हुई है।

## सम्राट चौधरी का लालू यादव पर बड़ा हमला

### कहा - अपने परिवार के अलावा किसी को भी आगे बढ़ाने की औकात नहीं

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**



पटना, बिहार की राजनीती में एक बार फिर सम्राट चौधरी सुर्ख़ियों में बन गए हैं। इस बार उनके सुर्ख़ियों में आने की वजह राजद सांसद और लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती के तरफ से दिया गया बयान है। मीसा ने यह कहा है कि सम्राट लालू यादव की गलती के वजह से आज नेता बने हैं वरना उनको कोई पूछने वाला नहीं था। इनके बाद अब इसको लेकर सम्राट ने अपने चीर-परचित अंदाज में जवाब दिया है।

सम्राट ने साफ़-साफ़ कहा है कि मीसा जी को बोलने से पहले यह जान लेना चाहिए कि मेरी राजनीति में उत्पति उनके पिता लालू यादव के अत्याचार के खिलाफ ही हुई है। उनके अत्याचार की वजह से हम राजनीति में आए हैं। हम तो उनके खिलाफ जीत कर आए है। अब उनके और उनके परिवार के लोगों को ग़लतफ़हमी है तो इसका क्या ही जवाब दिया जा सकता है।

सम्राट ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मेरा परिवार संघर्ष करके आया राजनीति में आया है। लालू यादव को पुरानी बातें इसलिए याद दिलाना चाहता हूं कि लाल यादव के साथ जब मेरा परिवार था तब उनको सत्ता में बढ़ाने का काम किया गया है। लालू यादव तो बिहार में भ्रष्टाचार से जाने जाते हैं। लेकिन हमने हजारों लाठियां खाई है। इतना ही नहीं मेरे घर तोड़ दिया गया। हमारे परिवार के 22 लोग निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया गया। वो तो हमने ह्यूमन राइट से केस जीता। इसलिए लालू प्रसाद यादव को यह आदत है। इसके अलावा लालू यादव की औकात सिर्फ अपने परिवार के लोगों को ही राजनीति में लाने का है.इसके अलावा वह किसी को भी नहीं ला सकते।

इधर, नेता विपक्ष के तरफ से जारी आपराधिक डाटा को लेकर सम्राट ने कहा कि आप लोग हर दिन यह भी हैडलाइन देख रहे होंगे कि बिहार पुलिस की स्ज्ञस्न प्रतिदिन कार्रवाई कर रही है। लेकिन इसपर वह नहीं बोलेंगे। मुझे तो यह समझ नहीं आता कि अपराधिक लोगों को संरक्षण देने वाले लोग अपराध की बात किस मुंह से कर रहे हैं। लालू यादव का मतलब गुंडागर्दी, अपराधीकरण।

## सीएम नीतीश ने रोक दी थी बहाली वाली फाइल' मुख्यमंत्री पर तेजस्वी यादव का सबसे बड़ा आरोप

बिहार में नौकरी को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच एक बार फिर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लगातार दावा कर रहे हैं कि मात्र 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने लाखों लोगों को सरकारी नौकरी दी। बिहार में स्वास्थ्य विभाग में हुई बहाली को लेकर तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

दरअसल, तेजस्वी यादव ने अपने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अब तक का सबसे गंभीर आरोप लगाया है कि उनके स्वास्थ्य मंत्री रहते स्वास्थ्य विभाग में जो डेढ़ लाख नौकरी थी, उसकी फाइल को सीएम ने अपने कैबिनेट में आने से रोकवा दिया था और अब उनसे अनुरोध किया था फाइल आने दीजिए, तो मुख्यमंत्री ने कहा था कि बाद में देखा जाएगा। तेजस्वी ने ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हाथ जोड़कर अपील की है कि उस फाइल को पास कराएं। उन्होंने कहा कि अगर नौकरी देने में समझ में नहीं आ रहा है तो तेजस्वी बैठा हुआ है, तेजस्वी से पूछिए कि कहां-कहां नौकरी मिलेगी।

तेजस्वी यादव ने कहा कि कौन कहता था कि बिहार में नौकरी मिलेगा। यही नीतीश कुमार कहते थे कि बिहार में नौकरी कहां से देंगे, पैसा कहां से लाएगा तेजस्वी से पूछो लेकिन सरकार में जब हम आए तो हमने यह करवाया। यह बात सही है कि नीतीश कुमार सीएम हैं, नाम उन्हीं का होगा लेकिन करवाया किसने यह सब कोई जानता है। हमारा जो प्रयोजन था नौकरी देने का वह हमने पूरा किया है।

वहीं बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर तेजस्वी ने दावा किया कि चारों सीटें महागठबंधन के खाते में आ रही हैं। जनता का भरोसा नीतीश कुमार की सरकार से बिल्कुल उठ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार बहुत अच्छा चल रहा है और हम लोग चारों सीटों पर चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि आज बिहार की स्थिति देख लीजिए, हमने 110 हत्या का डाटा आज पोस्ट किया है। बिहार में हालत क्या है, अपराधियों का पावर है। अपराधियों की दीपावली है लेकिन सरकार सब कुछ देख रही है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के यह नारा देने पर कि बंटोगे तो कटोगे, इसपर तेजस्वी यादव ने कहा कि इन लोगों का काम ही है सिर्फ नफरत फैलाना। ये लोग सिर्फ समाज में नफरत फैलाएंगे, शिक्षा पर बात नहीं करेंगे, स्वास्थ्य पर बात नहीं करेंगे, नौकरी पर बात नहीं करेंगे लेकिन अब इन लोगों की पूरी चौकड़ी जनता समझ चुकी है इन लोगों को सबक सिखाएगी।